**<u>संवादकीय:</u> सब एक साथ ग्रोथपथ पर चलें!**

एक राजा था। उसके तीन बेटे थे। अपने राज्य के लिए जिम्मेदार उत्तराधिकारी पाने हेतू राजा ने तीनों पुत्रों की परीक्षा लेने का निर्णय लिया। उसने तीनों राजकुमारों को बुलाया और कहा, 'मैं 3 वर्षों के लीए राज्य से बाहर यात्रा पर जा रहा हूं। जाने से पहले, इस विशेष प्रकार के चावल की एक-एक बोरी मैं तुम्हें दे जा रहा हूँ। मेरे लौटने पर मुझे तुम में से हर एक से चावल की एक एक बोरी जैसे दि थी वैसे वापस चाहिए। 3 वर्षों के बाद जो राजकुमार एक बोरी चावल मुझे वापस करेगा, उसे मैं अपना राज्य सौप दूंगा!' उस चावल की एक खासियत थी। वह चावल अनोखी किस्म के थे जो उस राज्य में कही पर भी मिलने जैसे नही थे। इस वजह से 3 वर्षों के बाद वो चावल वापस लौटाने के लिए राजकुमारों को कुछ ना कुछ युक्ति तो करना जरुरी ही था।

आगे राजा यात्रा पर चला गया और 3 वर्षों बाद लौट आया। यात्रा से लौटने के बाद राजा बड़े राजकुमार के पास गया। और उससे कहा, 'क्या मेरी चावल की बोरी लौटा सकते हो?' तब सबसे बडा राजकुमार राजा को राजमहल के एक कमरे के पास लेकर गया और 'आपने दि हुई बोरी मैने इस तिजोरी में 24 घंटे पहरेदारों के निगरानी में रखी है' ऐसा कहते हुए बोरी तिजोरी से राजा के सामने ही बाहर निकाली। बोरी खोलने के बाद ध्यान में आया कि बोरी में चींटियाँ लगी हुई थीं, चावल में कीड़े लगे हुए थे। और बोरी आधी कम हो गयी थी। राजा ने राजकुमार से कहा, 'मैंने तुम्हें एक बोरी अच्छे चावल दिए थे। तुमने वो सिर्फ तिजोरी में रख दिए और बर्बाद कर दिए।'

अब बीच वाले राजकुमार के पास जाकर राजा ने उससे पूछा 'क्या मैने दिए हुए एक बोरी चावल तुम मुझे लौटाओगे?' राजकुमार ने सिर झुकाकर राजा से कहा, 'महाराज, मुझे क्षमा करें। आपके जाने के बाद मुझे ध्यान में आया कि ये चावल अगर यूं ही रख दिए तो ये खराब हो जायेंगे। इसलिये मैने आपने दि हुई बोरी का खेतो में बोने के लिये बीज के तौर पर इस्तेमाल किया। पहले साल मुझे दस बोरी चावल मिलें। उनमें से नौ बोरियाँ मैंने राजमहल में राशन के रुप में दे दीं और एक बोरी चावल पुनः बुआई के लिए इस्तेमाल किए। दूसरे साल भी वैसे ही किया। लेकिन दुर्भाग्य से इस तीसरे वर्ष खेतो में कीटों के प्रादुर्भाव के कारण मैं आपको एक बोरी चावल नहीं दे सकता।'

अब राजा सबसे छोटे राजकुमार के पास गया। उसने राजा को एक बोरी चावल जैसे के वैसे वापीस किए। राजा ने उससे पूछा, 'यह कैसे हुआ?' तब तीसरे राजकुमार ने कहा, 'मैंने आपने दिए हुए चावल के दस भाग किए और वे अपने अच्छे, वफादार किसान मित्रों को खेतों में बोने के लिए दे दिए। मैंने उन्हें आपकी रखी हुई शर्त की कल्पना भी दि थी और इसलिए उन्होंने उस हिसाब से ध्यान भी रखा। खेत बोने के बाद अगले साल उन्होंने खूब अनाज पाया। दूसरे वर्ष फिर से उन्होंने उसे खेतो में बोया। ऐसे ही चलता रहा। लेकिन इस वर्ष हमारे क्षेत्र में फसल पर रोग के कारण अधिकांश अनाज खराब हो गया। लेकिन सौभाग्य से, दूर-दराज के कुछ किसान मित्रों के पास इस किस्म के चावल उपलब्ध थे, इसलिए तो मैं आपको एक बोरी चावल दे सका।' यह सुनकर राजा धन्य हुआ और सबसे छोटा राजकुमार उस राज्य का उत्तराधिकारी बन गया।

मुझे ये कहानी याद आई क्योंकि 'हम अगर एक-दुसरे की सहायता से काम करें, तो दूसरों के साथ-साथ उस काम का फायदा हमें खुद को भी होता है।' आजकल कई जगहों पर ज्वेलरी के बडे-बडे, एक से एक एक्झिबिशन्स होते रहते हैं। इसके लिए कई गांवों से कई ज्वैलर्स एक साथ आते हैं। एक्झिबिशन में से अच्छे प्रॉडक्ट्स, अच्छे डिज़ाइन्स, अच्छे सप्लायर्स ढूंढने का वे प्रयास करते हैं। एक गाडी से ही सफ़र कर के, एकसाथ रेह के वे एक्झिबिशन में भाग लेते हैं। गाँव में भले ही वे एक दुसरे के प्रतिद्वंद्वी होते हो, फिर भी यहाँ बस ज्वेलर्स इस एक ही रिश्ते से एक साथ जुडते है और उन में एकता का एक बंधन तैयार होता है, विचारों का आदान-प्रदान होता है। एक अच्छा कोलॅब्रेशन बनता है!

यह कोलॅब्रेशन बिजनेस ग्रोथ के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है! एक साथ आने से हम एक-दूसरे को नया ज्ञान दे सकते हैं। एक दूसरे से नए टूल्स सीख सकते हैं। हम विचारों का, पद्धतीओं का आदान-प्रदान कर सकते हैं और एक-दूसरे के प्रती विश्वास भी निर्माण कर सकते हैं। यह कोलॅब्रेशन हम कस्टमर के साथ-साथ सप्लायर साइड में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जैसे किसी सप्लायर से मटेरियल लेना हो और यदि वो बड़ी क्वांटिटी में ही खरीदना पड रहा हो तो कोलॅब्रेशन में हम वो मटेरियल आसानी से खरीद सकते हैं। या एक साथ आकर हम जॉईंट मार्केटिंग कैम्पेन्स भी चला सकते हैं। जैसे कि पहले के दौर में कपड़ा व्यापारी और ज्वैलर्स एकसाथ आकर असोसिएशन की मदद से अलगअलग स्कीम्स चलाते थे। इस तरह के कोलॅब्रेशन से सभी का बिझनेस बढ़ने में मदद मिलती है। हम कुछ रिसोर्सेस भी शेअर कर सकते हैं। जैसे स्टाफ ट्रेनिंग एक साथ लिया जा सकता है। यदी छोटे गाँव में बाहर से किसी वक्ता को बुलाना हो तो उसकी फीस हम एक साथ मिलकर दे सकते हैं। बिजनेस को बढ़ाने के लिए ऐसी कई चीजें कोलॅब्रेशन के तेहत आसानी से संभव हो पाती हैं।

ॲमेझॉन जैसी कंपनियों के माध्यम से बहुत से लोग प्रॉडक्ट्स बेच रहे हैं। एक ही कॉमन प्लेटफार्म से प्रॉडक्ट्स बेचने से, व्यवसाय बढ़ने में उन्हे 'उस प्लेटफार्म का एक ही होना' यह बात मददगार साबीत होती है। तो हम भी ग्रोथ के लिए एक साथ आकर लॉयल्टी प्रोग्राम तैयार करना, सब के लिए उपयोगी हो ऐसा कॉमन मोबाइल ऐप डेव्हलप कर के वो कस्टमर्स को उपलब्ध कराना, ऐसे प्रयास कर सकते हैं। या यदि कोई टेक्नॉलॉजी महंगी हो और वो खुद के लिए अकेलेने खरीदना किफायती नहीं हो, वो सभी के लिए उपयोगी हो साथ ही वो अपने और अपने कस्टमर्स के लिए भी सुविधाजनक हो, तो ऐसी पहुंच से बाहर वाली चिजे अमल में लाना कोलॅब्रेशन कि बदौलत आसानी से मुमकीन होती है। जैसे कोई टेक्नॉलॉजी ग्रुप में या ग्रुप से एकसाथ खरीदने पर हमें उस पर बेहतर डील मिल सकती है। और अंततः हम सभी को ही व्यवसाय बढ़ाने के लिए उस का उपयोग हो सकता हैं। कहते हैं ना "एक-दूसरे की सहायता करें, सब एक साथ ग्रोथपथ पर चलें!"